Date :- 30-05-2024
Dainik Bhaskar, Page-12, Surat

दैनिक भास्कर समूह | 3 भाषाएं | 12 राज्य | 61 संस्करण

गुजरात

dainikbhaskar.com
दैनिक भास्कर, सूरत, गुरुवार, 30 मई, 2024

GNLU से गिफ्ट सिटी तक 5 किमी में मेट्रो का ट्रायल रन

अहमदाबाद | मोटेरा से महात्मा मंदिर तक 28 किमी रूट पर मेट्रो के फेज-2 का काम चल रहा है। मोटेरा से गांधीनगर सेक्टर-1 तक 16 किमी के रूट और GNLU से PDPU होकर गिफ्ट सिटी तक के 5 किमी के रूट पर काम लगभग पूरा हो गया है और फिलहाल मेट्रो का ट्रायल रन चल रहा है। जरूरी सुधार के बाद मंजूरी मिलने पर अगस्त तक इस रूट पर मेट्रो दौड़ने लगेगी। तपोवन सर्कल, PDPU और गिफ्ट सिटी तक मेट्रो का ट्रायल रन चल रहा है। कुल 28 किमी के मेट्रो रूट का काम साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है और 2025 की शुरुआत में ही मेट्रो दौड़ने लगेगी। मोटेरा से महात्मा मंदिर तक के रूट पर कुल 22 स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। मोटेरा से सेक्टर-1 तक के 16 किमी में 13 स्टेशन हैं।

सेफ्टी का इंस्पेक्शन बाकी: आगामी दिनों में कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी द्वारा ट्रैक, सिग्नल सिस्टम, कोच तथा स्टेशन का इंस्पेक्शन किया जाएगा। इसे मंजूरी मिलते ही मेट्रो ट्रेन दौड़ाई जाएगी।